मूल्य – 5 रु.

# तारांशु
मासिक

जुलाई – अगस्त 2025
वर्ष 11, अंक 2, पृ.सं. 20



आशीर्वाद और प्रेरणा का क्षण – राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी तारा संस्थान आनन्द वृद्धाश्रम के 13वें स्थापना दिवस 8 अप्रैल, 2024 पर सपरिवार पधारे और वृद्धाश्रम आवासियों से मुलाकात की



## संगत, सुकून और अपनेपन का घर

+91 9549399993
+91 9649399993







## "आनन्द वृद्धाश्रमों हेतु भविष्य निधि योजना"

तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि ( Corpus Fund ) में सहयोग देवें।

| | | |
|---|---|---|
| **वृद्धजन सहयोगी "शांति"**<br>**रु. 1,00,000/-** | **वृद्धजन सहयोगी "शक्ति"**<br>**रु. 51,000/-** | **वृद्धजन सहयोगी "आस्था"**<br>**रु. 21,000/-** |

आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।

| | |
|---|---|
| **आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)**<br>**1 वर्ष - 60000 रु., 6 माह - 30000 रु., 1 माह - 5000 रु.** | **वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन**<br>**4000 रु. (एक समय / प्रतियूनिट)** |

## काशी में कराएँ गरीबों को भोजन



संस्थान द्वारा गरीबों में भोजन वितरण करते हुए

कहते हैं कि भूखे को भोजन करवाकर न सिर्फ मन वरन् अंतरात्मा भी संतृप्त होती है। आप भी **रु. 2100/- दान देकर** 50 निर्धन लोगों की क्षुधा शांत कर काशी विश्वनाथ की धरा वाराणसी में पुण्य लाभ कमा सकते हैं।



हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है

''तारा संस्थान, उदयपुर'' राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक : 31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009 द्वारा पंजीकृत है।

आशीर्वाद :
डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार :
श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

डॉ. जे.पी. शर्मा
परम विशिष्ट संरक्षक, तारा संस्थान
शिक्षाविद् व समाजसेवी, दिल्ली

संरक्षक मण्डल :

स्व. श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन
दिल्ली

श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)
दिल्ली

श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा
दिल्ली

श्रीमती प्रेम निझावन
दिल्ली

श्रीमती लता - श्री लक्ष्मण दास भाटिया
मुम्बई

श्री ओ.सी. जैन
रतलाम (म.प्र.)

श्री एस.एन. गोयल (एडवोकेट)
दिल्ली

श्री प्रेम सागर गुप्ता
मुम्बई

श्रीमती इला - श्री अनिल गोयल
दिल्ली

श्रीमती राजरानी - (स्व.) श्री राजेन्द्र कुमार जैन
दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक :
कल्पना गोयल

दिग्दर्शक :
दीपेश मित्तल

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर :
गौरव अग्रवाल

तारांशु - वर्ष 11, अंक - 2, जुलाई - अगस्त, 2025

## अनुक्रमणिका

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| योजनाएँ | 02 |
| अनुक्रमणिका | 03 |
| लेख : एक संत का अचानक चले जाना | 04-05 |
| पहला विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच | 06 |
| विधवा मासिक पेंशन योजना / अन्नदान योजना | 07 |
| गुरु पूर्णिमा पर्व / रक्षाबंधन उत्सव | 08 |
| झाड़ू-पोछे से किताबों तक | 09 |
| उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी (गाजियाबाद) | 10 |
| विकास संस्थान के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह | 11 |
| मोतियाबिन्द ऑपरेशन से जीवन में नई चमक / आर.जी.एच.एस. | 12 |
| न्यूज़ इन ब्रीफ | 13-15 |
| नेत्रालय मासिक अपडेट्स / पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना / हार्दिक श्रद्धांजलि | 16 |
| अभिनन्दन | 17-18 |
| संपर्क सूत्र - तारा संस्थान | 19 |

आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल (दाएं) अपने पूज्य माता पिता डॉ. कैलाश "मानव" तथा श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सानिध्य में...

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उ ाेग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल

# एक संत का अचानक चले जाना....



**वृद्धाश्रम के वार्ड में बीमार श्री बृजमोहन जी शर्मा ( कटनी के निवासी ) को ठहाकों के साथ चाय पिलाते छोटू दादा**

तारांशु के लिए आज जब यह लेख लिखने बैठी तो मन में अनेकों विचार उमड़–घुमड़ रहे थे क्योंकि मेरा आप सभी डोनर्स जो तारा संस्थान की जीवन रेखा है, संवाद इसी लेख के माध्यम से तो होता है। भले ही यह संवाद एकतरफा है लेकिन जब मैं यह लिख रही होती हूँ तो ऐसा लगता है मानो कोई बच्चा अपने माता–पिता को पत्र लिख रहा है और उनसे अपने मन के भाव कहकर थोड़ा हल्का होने का जो फील आता है ऐसा ही मुझे भी लगता है।

संवाद के विषय तो कई हैं और मेरी अह–पोह भी होती है कि मैं क्या लिखूँ लेकिन आज की एक घटना ने मुझे एक दिशा दे दी। आज श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में रहने वाले फतेहाबाद (हरियाणा) निवासी 75 वर्षीय श्री खेमचन्द जी का अंतिम संस्कार होने वाला था। वृद्धाश्रम है तो मृत्यु का साक्षात्कार तारा संस्थान को और घरों से थोड़ा अधिक ही होता है इसलिए यहाँ किन्हीं भी आवासी की मृत्यु भी एक दुःख भरी लेकिन सामान्य प्रक्रिया है और जिन्दगी चलती रहती है।

लेकिन खेमचन्द जी का जाना एक सदमे की तरह था सिर्फ मेरे या दीपेश जी के लिए नहीं बल्कि वृद्धाश्रम के हर आवासी के लिए। क्योंकि सही मायनों में वे एक संत थे। लगभग साढ़े चार साल पहले वे आए थे और उन्होंने जो आने की एप्लिकेशन लिखी उसमें ये लिखा था कि बेटा नशा करता है और परेशान करता है इसलिए मैंने घर छोड़ दिया है और यदि मेरी मृत्यु हो जाए तो मेरा शरीर भी दान कर देना।

P.T.O.



हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी

आप सोचते होंगे कि जब मैं उन्हें संत कह रही हूँ तो उन्होंने कुछ भगवा कपड़े पहने होंगे और गले में मालाएँ या ज्ञान का भण्डार होंगे लेकिन केवल वेश से यदि कोई संत हो जाता तो इतने बड़े–बड़े तथा कथित संत जेल यात्रा ना करते। खेमचन्द जी जब आए तो छोटा सा कद संकुचित सा व्यक्तित्व और बेहद कम बोलने वाले थे। सफेद कुर्ते पजामे में चेहरे पर निरपेक्ष सा भाव लिए होते थे लेकिन थोड़े समय बाद ही उन्होंने जिम्मेदारी ले ली, उन लोगों को भोजन परोसने की जो वृद्धाश्रम के प्रथम तल पर बेडरिडन है। ऐसे बुजुर्ग जो अपने से उठ बैठ भी नहीं सकते उनको उनके बिस्तर पर जाकर पहले कंधे के सहारे बिठाना फिर खाना खिलाना और यह खाना परोसना इतना ममत्व से परिपूर्ण होता था कि मानों कोई माँ बच्चों को भोजन करवा रही हो। उन्हें ये पूरा पता होता था कि कौन क्या खाते है और क्या नहीं, किन्हें भूख है और यदि कोई नहीं खा रहे तो कैसे थोड़ी मनुहार से उन्हें खिलाना है। कोई उन्हें कुछ भी कहे वे बस मुस्करा भर देते थे। उनकी दिनचर्चा में सुबह जल्दी उठकर मंदिर जाना, योगा करना और फिर जुट जाना सेवा में। उनके छोटे कद के कारण वे वृद्धाश्रम के छोटू दादा हो गए थे लेकिन कल योगा के बाद स्नान ध्यान कर वे अपने कमरे में गए और हार्ट अटैक से हमसे दूर हो गए। किताबों में पढ़ा था कि संत वो होते हैं जो राग–द्वेष, सुख–दुःख, यश–अपयश से परे होते हैं पूर्णतः निरपेक्ष या समभावी लेकिन मैंने तो आजतक ऐसा कोई देखा की नहीं था सो मेरी परिभाषा में तो वे ही संत थे।



**भक्ति में लीन हमारे छोटू दादा**

उनके जाने को सभी ने कहा कि वे बिना तकलीफ के चले गए लेकिन मुझे तो ईश्वर से बहुत सी शिकायत हो गई इतने सरल व्यक्ति को इतनी जल्दी क्यों बुला लिया मैं कितना भी चाहूँ तो उनका रिप्लेसमेंट मिल ही नहीं सकता और जो हमारे बेडरिडन बुजुर्ग जिनमें एक दो तो थोड़े मानसिक कमजोर हैं वे जब छोटू दादा को ढूंढेंगे तो उनकी आँखों के प्रश्न का उत्तर कौन देगा। कभी–कभी तो ये भी लगता है कि ज्यादा अच्छा होना भी नहीं चाहिए वरना ईश्वर अपने पास बुला लेते है क्योंकि अच्छे लोगों की कमी वहाँ भी तो होगी। क्या पता हमारे छोटू दादा वहाँ भी कुछ अक्षम लोगों को चाय की केतली पकड़े चाय या भोजन की थाली में भोजन परोस रहे होंगे।



**तारा संस्थान द्वारा संचालित काशी विश्वनाथ मंदिर के मुमुक्षु भवन से मणिकर्णिका घाट की ओर अग्रसर श्रीमती कांति देवी टंडन की पार्थिव देह।**

आज ही के दिन काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर वाराणसी में 91 साल की श्रीमती कांति देवी टंडन भी चल बसी और उनका भी अंतिम संस्कार हुआ। कहते हैं कि काशी में मृत्यु पर मोक्ष मिलता है तो कांति देवी को मोक्ष तो मिला ही होगा लेकिन उनके मोक्ष–रथ का सारथी हमारे छोटू दादा होंगे जो पाप–पुण्य, स्वर्ग–नरक सभी से ऊपर थे उनको हर जगह सर्वोच्च स्थान मिलेगा।

ॐ शांति...

आपकी बहन
**कल्पना गोयल**

# रामनाथ कोविंद फाउंडेशन का तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा दिल्ली में पहला विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर

श्री रामनाथ कोविंद भारत के 14वें राष्ट्रपति ने दिल्ली के लोधी रोड बारात घर में एक नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्‌घाटन किया। यह शिविर रामनाथ कोविंद फाउंडेशन और तारा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ इस शिविर में 755 रोगियों की जाँच हुई और 408 रोगियों को चश्मे और 395 रोगियों को आँखों की दवाई दी गई। समारोह में श्री रामनाथ कोविंद ने रोगियों को चश्मे और श्रवण यंत्र वितरित किये।



नि:शुल्क जाँच शिविर का उद्‌घाटन करते हुए राष्ट्रपति श्री राम नाथ जी कोविन्द



लाभार्थियों को नि:शुल्क चश्मा वितरित करते हुए सुश्री स्वाति कोविन्द



लाभार्थियों को नि:शुल्क चश्मा वितरित करते हुए श्री राम नाथ जी कोविन्द






श्री राम नाथ जी कोविन्द को रामलला की तस्वीर भेंट करते हुए श्री सत्यभूषण जैन एवं श्री दीपेश मित्तल



शिक्षा का उच्चतम परिणाम सहनशीलता है

## संघर्ष की शांत आवाज़



उदयपुर की एक संकरी गली के छोटे से किराये के मकान में रहने वाली रतनी बाई की ज़िंदगी बाहर से भले ही सामान्य लगे, लेकिन भीतर से यह एक गहरी लड़ाई की कहानी है – एक माँ की, एक विधवा की, एक इंसान की। सिर्फ 32 वर्ष की उम्र में रतनी बाई ने जीवन के उस मोड़ को देखा, जहां से बहुत–से लोग टूट जाते हैं। पति की असमय मृत्यु ने उनकी दुनिया उजाड़ दी। पीछे रह गए दो मासूम बच्चे – एक 9 साल का बेटा और 8 साल की बेटी, जिनकी आँखों में अब भी पिता की खोज है। घर का कोई स्थायी सहारा नहीं, न ही परिवार में कोई मज़बूत कंधा। रतनी बाई ने हार नहीं मानी। वे सब्ज़ी बेचने का काम करने लगीं – सुबह–सवेरे ठेला लगाकर गलियों में सब्जियाँ बेचना उनके दिन का हिस्सा बन गया। लेकिन इस छोटे से काम से होने वाली आमदनी से दो बच्चों का पालन–पोषण, किराया, और ज़रूरतें पूरी कर पाना असंभव था। इसी कठिन समय में तारा संस्थान उनके लिए एक उम्मीद बनकर सामने आया। संस्थान ने उन्हें ''गौरी सहायता'' के अंतर्गत 1000 प्रति माह की नियमित सहायता देना शुरू किया – यह राशि भले ही बहुत बड़ी न हो, लेकिन यह उनकी हिम्मत को ज़रूर संबल देती है। रतनी बाई कहती हैं, ''यह मदद सिर्फ पैसों की नहीं है, यह भरोसे की है कि मैं अकेली नहीं हूँ। तारा संस्थान ने मुझे इंसान की तरह जीने का हौसला दिया है।'' आज भी वे संघर्ष कर रही हैं, लेकिन अब उनके पास एक साथ है – उम्मीद का, सहायता का, और आत्मसम्मान का।

**विधवा मासिक पेंशन (गौरी) योजना सहायता: प्रति विधवा 1 वर्ष - 12000 रु., 6 माह - 6000 रु., 1 माह - 1000 रु.**

## छांव बनती एक बूढ़ी माँ






उम्र के जिस पड़ाव पर शरीर विश्राम चाहता है और मन अपनों के सहारे को तरसता है, उस 72 वर्षीय नंदू बाई के जीवन ने एक अलग ही दिशा पकड़ ली – एक ऐसा मोड़ जहां हर दिन संघर्ष है, और हर रात उम्मीद। तीन वर्ष पूर्व बहू की असमय मृत्यु ने नंदू बाई के घर की रीढ़ तोड़ दी। यह दुःख सिर्फ एक जीवन खोने का नहीं था, बल्कि एक पूरे परिवार की स्थिरता खोने का था। बहू के जाने के कुछ ही समय बाद बेटे का मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया, और वह अब कोई काम करने की हालत में नहीं है। घर की जिम्मेदारी अब पूरी तरह नंदू बाई पर आ गई – एक मां, एक दादी, और एक कमाऊ सदस्य के रूप में। एक पोता और तीन पोतियों की परवरिश का भार उनके झुके कंधों पर आ टिका है। जीवन के इस पड़ाव पर भी वे मजदूरी करके पेट पालने की कोशिश करती हैं – तपती धूप और ठंडी छांव दोनों उनके हाथों की लकीरों में समा गई हैं। लेकिन जब हालात इंसान से बड़ा बनने लगते हैं, तब कोई एक हाथ उसे थामने ज़रूर आता है। नंदू बाई के लिए वह हाथ हैं तारा संस्थान के दयालु दानदाता। जिनके सहयोग से संस्थान द्वारा उन्हें हर माह निशुल्क राशन सामग्री प्रदान की जाती है, जो न सिर्फ उनके परिवार का पेट भरता है, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी देता है कि वे अकेली नहीं हैं। नंदू बाई कहती हैं – ''मेरे लिए यह राशन अनाज नहीं, राहत है... ये मेरे बच्चों की भूख की चिंता को कुछ हद तक कम करता है।'' उनकी झुर्रियों में आज भी मजबूती है, और आंखों में एक दादी का सपना – कि उसके पोते–पोतियां पढ़ें, बढ़ें और वो जीवन जिएं जो किस्मत ने उनके हिस्से से छीन लिया था।

**अन्नदान योजना (तृप्ति) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता: 1 वर्ष - 18000 रु., 6 माह - 9000 रु., 1 माह - 1500 रु.**

# गुरु पूर्णिमा पर्व, तारा संस्थान के प्रभारीगण ने ''तारा'' के प्रेरणा स्रोत आदरणीय श्री कैलाश जी 'मानव' व श्रीमती कमला देवी जी का सम्मान कर मनाया




आदरणीय श्री कैलाश ''मानव'' सा. के साथ तारा संस्थान के समस्त प्रभारी

# तारा संस्थान में रक्षाबंधन उत्सव



उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी ( गाजियाबाद )



मस्ती की पाठशाला



आनन्द वृद्धाश्रम - उदयपुर



शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल - उदयपुर



सफल होने के लिए, असफल होना बहुत जरूरी है

# झाड़ू-पोछे से किताबों तक




रिंकू, मात्र 12 वर्ष की एक होनहार बच्ची है, जिसकी आँखों में भी सपने हैं – लेकिन हालात ने उन सपनों पर पहले ही धूल बिछा दी थी। रिंकू का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उसके माता–पिता शहर में मजदूरी करके घर चलाने की कोशिश करते हैं। लेकिन रोज़मर्रा की ज़रूरतें इतनी भारी हैं कि रिंकू को भी काम पर जाना पड़ता है – दूसरों के घरों में झाड़ू–पोछा लगाना उसका रोज़ की जिंदगी का हिस्सा बन चुका था। इसके साथ–साथ रिंकू पर एक और बड़ी ज़िम्मेदारी है – अपने दो छोटे भाइयों की देखभाल। जब माँ–बाप काम पर जाते हैं, तब रिंकू ही उनकी देखभाल करती है। खेलने–कूदने की उम्र में उसे बचपन का त्याग करना पड़ा। स्कूल जाना तो जैसे एक सपना ही था – न समय था, न पैसे और न सहारा। लेकिन फिर उसकी ज़िंदगी में आया तारा संस्थान की ओर से चलाया गया एक उम्मीद भरा द्वार – "मस्ती की पाठशाला"। यह वह जगह है, जहां मजदूर वर्ग के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा, खेल और स्नेह मिलता है। अब रिंकू जब भी समय निकाल पाती है, वहां पढ़ने जाती है। वहाँ उसे किताबें, दोस्त और वह हौसला मिला है जिसकी उसे बहुत ज़रूरत थी। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन देखकर शिक्षक भी उत्साहित हैं। रिंकू कहती है – ''अब मुझे लगता है कि मैं भी कुछ बन सकती हूँ – जैसे दीदी (शिक्षिका) हैं। मुझे भी बच्चों को पढ़ाना है।'' रिंकू की यह छोटी–सी यात्रा एक बड़ी उम्मीद का बीज है। तारा संस्थान उसके जैसे अनगिनत बच्चों को एक सम्मानजनक भविष्य की ओर ले जाने में सतत् प्रयासरत है।






**मजदूरों के 1 बच्चे की शिक्षा सौजन्य सहयोग रु. 6000/- प्रति वर्ष**

# उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी ( गजियाबाद )

## अन्तर्गत : तारा संस्थान - उदयपुर ( राज. )

जो एकल माताओं (जिनके पति की मृत्यु हो गई है या जो अपने पति से अलग रह रही है) के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था करता है एवं साथ ही निर्धन परिवार के बच्चों के लिए आंशिक शुल्क के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की व्यवस्था करता है।





## अकेली नहीं हूँ अब...



सरोज, लोनी, गाज़ियाबाद की निवासी हैं। कुछ महीने पहले तक उनका जीवन कठिन ज़रूर था, लेकिन अब वह तकलीफ़ और अकेलेपन का नाम बन गया है। सात महीने पहले, उनके पति की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। इस असमय पीड़ा ने न सिर्फ जीवनसाथी छीन लिया, बल्कि पूरे परिवार का सहारा भी। सरोज के पास दो बेटे और दो बेटियाँ हैं – चारों अब केवल उन्हीं की जिम्मेदारी हैं। सास–ससुर भी नहीं हैं, जो किसी तरह का संबल दे सकें। अब सरोज एक फैक्ट्री में काम करके घर चलाती हैं। रोज़ की मजदूरी, घर के काम, बच्चों की परवरिश – सबकुछ अकेले संभालना आसान नहीं है। लेकिन मां होने का अर्थ ही है – हार न मानना। सरोज चाहती हैं कि उनके बच्चे पढ़–लिखकर इस काबिल बनें कि उन्हें कभी वैसी ज़िंदगी न देखनी पड़े जैसी आज वह जी रही हैं। यही सपना जब आर्थिक अभावों के कारण अधूरा लगने लगा, तब तारा संस्थान द्वारा लोनी, गाज़ियाबाद में संचालित "उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल" ने आशा की एक नई रेखा खींची। अब सरोज के चारों बच्चे इसी स्कूल में निशुल्क पढ़ाई कर रहे हैं – किताबें, यूनिफ़ॉर्म, और शिक्षा – सब कुछ बिना किसी शुल्क के। सरोज कहती हैं "मैं तहेदिल से उन सभी दानदाताओं की आभारी हूं, जिनकी मदद से मेरे बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं। मेरी लड़ाई अकेली जरूर है, लेकिन अब मैं अकेली नहीं हूँ।" यह सिर्फ एक मां की कहानी नहीं है, बल्कि उन लाखों महिलाओं की आवाज़ है जो तकलीफों के बीच भी अपने बच्चों के लिए उजाले का रास्ता चुनती हैं।

**एकल माताओं के बच्चों के लिए दान राशि 12,000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका के लिए पूर्णतया निःशुल्क**
**निर्धन परिवार के बच्चों के लिए 6000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका**



ऐसे काम करो जिससे लोगों को लगे कि आपको जीतने की आदत है

## विकास संस्थान के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह




उदयपुर के न्यू माली कॉलोनी के विकास संस्थान के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह तारा संस्थान के माँ द्रौपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी श्री गिरधारी लाल जी शर्मा का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी पदों से रिटायर्ड वरिष्ठजन का सम्मान किया गया।

## देवास में वरिष्ठजन सम्मान समारोह




तारा संस्थान उदयपुर और देवास वरिष्ठ नागरिक संस्था के संयुक्त सहयोग से देवास में वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

| **आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)** | **वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन** |
|---|---|
| **1 वर्ष - 60000 रु., 6 माह - 30000 रु., 1 माह - 5000 रु.** | **4000 रु. (एक समय / प्रतियूनिट)** |

# मोतियाबिंद ऑपरेशन से जीवन में नई चमक



उदयपुर के पास गोगुन्दा की 40 वर्षीय थावरी बाई अपने परिवार के साथ खेती–बाड़ी और मजदूरी कर जीवनयापन करती हैं। लेकिन कुछ समय से कम दिखाई देने के कारण न केवल खेती का काम, बल्कि घर के सामान्य कार्य भी उनके लिए कठिन होते जा रहे थे। तारा संस्थान के उदयपुर स्थित निःशुल्क नेत्र अस्पताल में जांच करवाने पर पता चला कि उनकी दोनों आँखों में पका हुआ मोतियाबिंद है। संस्थान में उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया गया और कुछ ही दिनों में उन्हें स्पष्ट दिखाई देने लगा। थावरी बाई भावुक होकर कहती हैं – "अब मुझे सब कुछ साफ दिखाई देता है, जैसे जीवन में नया उजाला आ गया हो।" तारा संस्थान द्वारा किया गया यह छोटा–सा प्रयास थावरी बाई जैसी अनेकों ग्रामीण महिलाओं के जीवन में फिर से रोशनी और आत्मनिर्भरता ला रहा है।



**31 अगस्त, 2025 तक कुल ओपीडी 3405079, कुल ऑपरेशन 181036**

**नेत्र चिकित्सा सेवा (मोतियाबिन्द ऑपरेशन):**
**17 ऑपरेशन 59500 रु., 9 ऑपरेशन 31500 रु., 6 ऑपरेशन 21000 रु., 3 ऑपरेशन 10500 रु., 1 ऑपरेशन 3500 रु.**

**RGHS**
**Rajasthan Government Health Scheme**

**तारा नेत्रालय उदयपुर में अब RGHS की सुविधा भी उपलब्ध जहाँ राज्य सरकार के कर्मचारी भी अपना या अपने परिजनों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा सकते हैं और RGHS में मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।**



**RGHS सुविधा की शुरुआत 14 दिसम्बर, 2024 से एवं 31 अगस्त, 2025 तक ओपीडी 608, ऑपरेशन 106**



बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे सोचो विचारों पर किसी का अधिकार नहीं है – धीरूभाई अंबानी

## News in Brief : 1

**01-07-2025** **तारा संस्थान के अस्पतालों में मनाया गया डॉक्टर्स डे**



1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर तारा संस्थान के सभी अस्पतालों में डॉक्टर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मरीजों, स्टाफ और प्रबंधन की ओर से डॉक्टरों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

**01-07-2025** **गर्मियों की छुट्टियों के बाद**



गर्मियों की छुट्टियों के बाद, तारा संस्थान का शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल अपने नए सत्र के साथ फिर से शुरू हो गया है! यह स्कूल विधवा महिलाओं के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है, ताकि हर बच्चा अपने सपनों को उड़ान दे सके।

**10-07-2025** **सेवा ही सच्ची भक्ति है**




गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर SPIRITUAL DEVELOPMENT CENTER - USA के सहयोग से तारा संस्थान द्वारा उदयपुर के नीमच खेड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा शिविर में कुल 159 लोगों की आँखों की जाँच की गई, जिनमें 15 रोगियों में मोतियाबिंद की पहचान की गई।

**24-07-2025** **शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में मनाई गई हरियाली अमावस्या**



तारा संस्थान द्वारा संचालित शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में बच्चों ने राजस्थान के प्रसिद्ध लोक उत्सव ''हरियाली अमावस्या'' को पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय परिसर को हरी–भरी सजावट, पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीवंत बना दिया गया। बच्चों ने पेड़ों की महत्ता पर आधारित नाटक, चित्रकला और नृत्य के माध्यम से प्रकृति प्रेम का संदेश दिया।

**24-07-2025** **वृद्धाश्रम में सेवा और स्नेह के साथ हरियाली का संकल्प**



तारा संस्थान के वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों ने मिलकर वृद्धाश्रम परिसर के आसपास पौधारोपण किया। यह न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल थी, बल्कि बुजुर्गों के भीतर सजीव होती आत्मीयता और सृजनशीलता की भी झलक थी।

**02-08-2025** **झाड़ोली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 24 मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया**



2 अगस्त, 2025 को झाड़ोली (सिरोही)। तारा संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सिरोही जिले के झाड़ोली गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 182 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से 24 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी मरीजों को तारा संस्थान, उदयपुर के अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन के लिए संस्थान की बस से उदयपुर लाया गया।

**अगर आप सफल होना चाहते हो तो आपको अपने काम में एकाग्रता लानी होगी – बिल गेट्स**

**02-08-2025** — **नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर, बांसवाड़ा**




2 अगस्त को चेतना इंडिया एवं तारा संस्थान उदयपुर द्वारा बांसवाड़ा में संयुक्त रूप से नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 152 लोगों की आँखों की जाँच की गई, जिनमें से 27 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इनका नि:शुल्क ऑपरेशन तारा संस्थान के उदयपुर स्थित अस्पताल में किया जाएगा।

**03-08-2025** — **वरिष्ठजन सम्मान समारोह, नीमच**



3 अगस्त, 2025 को तारा संस्थान द्वारा नीमच में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 260 लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर 65 वर्ष से अधिक आयु के 107 वरिष्ठजनों का सम्मान कर उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

**06-08-2025** — **लोनी (गाज़ियाबाद) में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर**





6 अगस्त, 2025 को भारत की पूर्व विदेश मंत्री स्व. श्रीमती सुषमा स्वराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर, अनुकम्पा सेवा संघ, एमउएम फाउंडेशन और तारा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में गाज़ियाबाद में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री अतुल गर्ग जी, सांसद गाज़ियाबाद और चांदनी चौक से सांसद बांसुरी स्वराज जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**9 अगस्त, 2025 को विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा तारा संस्थान के वृद्धाश्रम आवासियों के साथ राखी का त्यौहार**

**15 अगस्त, 2025 को तारा संस्थान के सभी केंद्रों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह**

**16 अगस्त, 2025 को तारा संस्थान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव**



ब्रम्हाकुमारी




आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर




मस्ती की पाठशाला



RSS महिला संगठन



शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर



उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल, लोनी



एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा से विजयी जोड़ी रहे है - नेलसन मंडेला

**20-08-2025** **वृद्धाश्रम में विशेष संगति**




क्रॉसरोड्स स्कूल के बच्चों ने तारा संस्थान उदयपुर के वृद्धाश्रम में जाकर वरिष्ठजनों के साथ समय बिताया। इस अवसर पर बच्चों और आवासियों ने मिलकर मिट्टी के गणेशजी बनाए और उत्साहपूर्वक आनंद साझा किया।

**24-08-2025** **वृद्धाश्रम में मनोरंजक कार्यक्रम**



24 अगस्त 2025 को हरियाली ग्रुप शिव मंदिर महिला मंडल, उदयपुर की महिला सदस्यों ने तारा संस्थान के वृद्धाश्रम में भजन संध्या और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम से वरिष्ठजनों ने आनंद और उत्साह से भरपूर समय बिताया।

**24-08-2025** **स्वरांजलि ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम**




24 अगस्त 2025 को उदयपुर के स्वरांजलि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा तारा संस्थान के वृद्धाश्रम निवासियों के लिए एक विशेष संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पुराने गीतों की मधुर प्रस्तुति से वातावरण भावपूर्ण हो उठा और वरिष्ठजनों ने संगीत का भरपूर आनंद लिया।

**25-08-2025** **मस्ती की पाठ्शाला में जन्मदिन**




मोलिषा, जो की उदयपुर की ही निवासी हैं उन्होंने इस बार अपना जन्मदिन मस्ती की पाठशाला के बच्चों संग केक काटकर मनाया।

**29-08-2025** **जन्मदिन पर अनोखा उपहार**



उदयपुर निवासी मारुती जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर तारा संस्थान की मस्ती की पाठशाला के बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। इस सराहनीय पहल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाया।

**30-08-2025** **जोधपुर में महिला वरिष्ठ जन सम्मान समारोह**




30 अगस्त 2025 जोधपुर में द संस्कृति फाऊंडेशन ट्रस्ट और तारा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महिला वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें की 75 वर्ष की 70 महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें लेखिकाएं ,वरिष्ठ शिक्षिकाएं और विभिन्न पदों से रिटायर्ड महिलाएं थी।

**नेत्रालय मासिक अपडेट्स :**

## मोतियाबिन्द जाँच – ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (गाजियाबाद) स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

### दानदाताओं के सौजन्य से माह जुलाई से अगस्त, 2025 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण



**अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविर : भार्गव साहब – दिल्ली, चेतना इंडिया, अहमदाबाद, डीबीसीएस, ईसीजीसी, जैन धर्मार्थ अस्पताल – नासिक, श्री जितेंद्र नंदा, श्री कैलाश चन्द्र गोयल, कमल मॉडल पब्लिक स्कूल – दिल्ली, मालाश्री फाउंडेशन – दिल्ली, एनपीसीबी, पिनेकल कैपिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड – गुड़गाँव, प्रधान हार्डवेयर – लोनी, श्रीमती सुषमा – सत्यभूषण जैन – दिल्ली, एसबीआई फाउंडेशन, श्री चिरंजी लाल जैन – पंजाब**



## पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना : 8000 रुपये

तारा संस्थान, उदयपुर की यह विशेष पहल उन परिवारों के लिए समर्पित है जो अपने दिवंगत परिजनों की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते हैं। इस योजना के अंतर्गत, परिवारजन 8,000 रुपये का योगदान देकर संस्थान के वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए भोजन सेवा का आयोजन कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर दिवंगत आत्मा की तस्वीर प्रदर्शित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे, जिससे उनकी यादें और आशीर्वाद इस कार्य के माध्यम से जीवित रहेंगी। यह एक अद्वितीय अवसर है अपने प्रियजन की स्मृति को सेवा और मानवता के रूप में सम्मानित करने का।

## हार्दिक श्रद्धांजलि

**तारा संस्थान के इन दानदाताओं का स्वर्गवास हो गया। तारा संस्थान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**
**हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व उनके परिवार को सम्बल प्रदान करें।**



स्व. श्रीमती शांति जी गुप्ता
पटियाला (पंजाब)



स्व. श्रीमती नीलम रानी जी सूद



स्व. श्री अशोक कुमार जी नाहर



स्व. डॉ. राम आशीष सिंग
औरंगाबाद (बिहार)



स्व. श्रीमती इन्द्रा देवी जी जैन
अहमदाबाद (गुज.)



स्व. श्रीमती संध्या जी करमकर
रतलाम (म.प्र.)



स्व. श्रीमती विमला देवी जी
अलवर (राज.)

आदरणीय,

आपने वित्तीय वर्ष 2025-2026 में तारा संस्थान में दान देकर कई जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत पहुँचाई। आपका अनेक धन्यवाद। अतः आपसे निवेदन है कि INCOME TAX के नियमानुसार यदि आप TAX में छूट चाहते हैं तो आपका PAN NO. संस्थान को देना जरूरी है। इसे हम अपने INCOME TAX RETURN के 10 BD में सूचित करेंगे तो ही आपको छूट मिलेगी। यदि आप छूट ना भी लेना चाहें तो आप निम्न में से कोई भी ID दे देवें।

**• VOTER ID • AADHAR CARD • RASHAN CARD • PASSPORT •**

यह भारत सरकार के नियमानुसार अनिवार्य है। कृपया आप इस व्हाट्सएप्प नम्बर **9549399993** पर सूचित करावें।

आदर सहित....!

**कल्पना गोयल**



शब्द ही जीवन को अर्थ दे जाते है, और, शब्द ही जीवन में अनर्थ कर जाते है

# ‘तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया’



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री पदम चन्द जैन | श्री रमेश भाई मेहता | श्री जगदीश चन्द गोयल | श्रीमती पुष्पा बेन रुपया | श्री ओमप्रकाश जैन | श्री ईश्वर लाल चौहान | श्रीमती बसंती देवी जैन | श्री गुरदीप गिर पत्रा |
| जयपुर | वडोदरा | दिल्ली | अहमदाबाद | नीमच | अहमदाबाद | नीमच | पटियाला |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री विमल शरण जी | श्री गोपाल किशन जी | श्री योगेश कुमार जैन | श्री सुरिन्द्र मोहन खरबंदर | श्री हरजीत सिंह कालसी | श्री कैलाश चन्द्र केडिया | श्री उमेश जैन | मास्टर अमय गुप्ता |
| बिजनौर | पठानकोट | रामपुर | गाजियाबाद | लुधियाना | कोरबा ( छ.ग. ) | लुधियाना | लुधियाना |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री नन्द गुरनानी | श्री राकेश ग्रोवर | सीए मुकेश चन्द्र गुप्ता | श्री आगम अग्रवाल | श्री महेन्द्र द्विवेदी | श्री आदित्य कुमार सिंघल | श्री विश्व गुप्ता | श्री नीरज महाजन |
| लुधियाना | अलवर | अलवर | अहमदाबाद | रतलाम | गाजियाबाद | लुधियाना | अमृतसर |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री गजेन्दर बंसल | श्रीमती विजय शर्मा | श्री राधेश्याम विजयवर्गीय | श्री अशोक अग्रवाल | श्रीमती उषा अग्रवाल | श्री सुभाष चन्द्र जैन | श्री सत्पाल जी | श्री धनाराम सोनार |
| मुबारिकपुर ( म.प्र. ) | लखनऊ | अलवर | अलवर | बरेली | लुधियाना | लुधियाना | जोधपुर |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री चन्द्रकांता जेठलिया | श्री शिव भगवान व्यास | श्री पवन बिहारी | श्री अशोक जैन | श्री विश्वनाथ श्रीवास्तव | श्रीमती अनुपमा गुप्ता | श्रीमती सुधा गोयल | श्री यतीन्द्र प्रकाश अग्रवाल |
| जयपुर | मेरठ | पटना | जयपुर | गोरखपुर | जोधपुर | लखनऊ | गाजियाबाद |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री अशोक कुमार गुप्ता | श्रीमती प्रेमलता मेंहदीरता | श्री राजकुमरा जैन | श्री प्रवीण भाई जी | श्री राजेश जैन | श्री बाबूलाल सितपुरिया | श्री जगदीश काला | श्री कैलाशपति केडिया |
| जबलपुर | जबलपुर | राजपुरा | मोरबी | जयपुर | ताल | ताल | अहमदाबाद |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री प्रताप नारायण दीक्षित | श्री तरस चन्द जैन | श्री सुजिन्दर सिंह जी | श्री नरसिंह दास जी | श्री संदीप शर्मा | श्री अमरचन्द गोयल | श्री गौरव जैन | कर्नल जगदीश सिंह जी |
| ताल | दिल्ली | पटियाला | शिवगंज | लुधियाना | बठिंडा | जालंधर | |

# 'तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया'


श्री स्नेहलाल गोयल
गाँधीधाम


श्री नरेन्द्र सिंह सैनी
दुर्ग (छ.ग.)


श्री कृष्ण कुमार वार्ष्णेय
अलीगढ़


कुमारी निरुपमा जी
देहरादून


श्री उमेद सिंह गहलोत
जोधपुर


श्री दिलीप भाई जी
मोरबी


श्री हरनाम सिंह जी
माउंट आबू


श्री कौशल सुथार
सलुम्बर, उदयपुर


श्री रूपलाल डागलिया
उदयपुर


श्री अनिल कुमार जी
मेरठ


श्री मनोहर लाल जैन
सूरत


श्री गोपाल दास चुघ
अमृतसर


श्रीमती राजबाला कुंतल
भरतपुर


श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा
मेरठ


श्री सत्यपाल सिंह
मेरठ


डॉ. एस.पी. सरवैया
भोपाल


श्री प्रियंक जैन
जयपुर


श्री निधि अग्रवाल
जयपुर


श्री राजेन्द्र अग्रवाल
जयपुर


श्री राम अवतार बजाज
जयपुर


श्री चन्द्रशेखर भारद्वाज - श्रीमती रीता भारद्वाज
धर्मशाला (हि.प्र.)


श्रीमती कमलेश गुप्ता - श्री लोकेश चन्द्र गुप्ता


श्रीमती रतन देवी गोयल - श्री कैलाश चन्द्र गोयल
दिल्ली


श्रीमती एवं श्री ओ.पी. राठी
दिल्ली


श्री सुमित जैन - श्री निधि जैन
जयपुर


श्री दामोदर लाल वर्मा - श्रीमती मुन्नी देवी वर्मा
जयपुर


श्री विशाल गर्ग
जयपुर


श्रीमती शकुंतला यादव एवं श्रीमती उर्मिला यादव
जोधपुर


श्री रमेश चन्द्र शर्मा - श्री शांति शर्मा
जयपुर


श्रीमती एवं श्री सुरेश गाँधी
दुबई


श्रीमती एवं श्री मदन लाल जी


श्रीमती सुमित्रा जैन - श्री नेमीचन्द जैन
जयपुर


श्री ललित कुमार गुलेचा - श्रीमती चन्दु गुलेचा
जोधपुर


श्री संदीप माहेश्वरी, भैया श्री प्रतीक माहेश्वरी,
श्रीमती निधी


श्री दसई रमणीक भाई
मोरबी


श्रीमती विजय लक्ष्मी जी एवं टीम
चण्डीगढ़


श्री भीवराम पन्नालाल कुमावत
जयपुर


श्रीमती एवं श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल



यदि मंज़िल न मिले तो रास्ते बदलो ! क्योंकि वृक्ष अपनी पत्तियाँ बदलते हैं जड़े नहीं

## AREA SPECIFIC TARA SADHAKS CONTACT NUMBER LIST

| | | |
|---|---|---|
| **Area Delhi** Cell : 7821855747 | **Area Delhi** Cell : 7821055717 | **Area Delhi** Cell : 7821855741 |
| **Area Mumbai** Cell : 7821855738 | **Area Mumbai** Cell : 7821855751 | **Area Jaipur (Raj.)** Cell : 9983560006 |
| **Area Lucknow (UP)** Cell : 9358300777 | **Area Punjab** Cell : 7821055718 | **Area Jodhpur, Kanpur** Cell : 9001324709 |
| **Area Surat (Guj.)** Cell : 7821855726 | **Area Hyderabad** Cell : 7821855746 | **Area Noida, Ghaziabad** Cell : 7821855750 |
| **Area Chandigarh (HR)** Cell : 7821855756 | **Area Nagpur, Pune** Cell : 7821855736 | **Area Karnatak** Cell : 7230066286 |
| **Area Gurgaon, Faridabad** Cell : 7821855758 | **Area Raipur, Durg, Bilaspur (C.G.), Patna (Bihar)** Cell : 8696696345 | |
| **Area Uttarakhand** Cell : 7229852227 | **Area Ahmedabad (Guj.), Ratlam, Mandsaur, Neemuch (MP)** Cell : 7821855745 | |

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNTS

ICICI Bank (Madhuban) . . A/c No. 004501021965. . . . . . . IFSC Code : ICIC0000045
State Bank of India. . . . A/c No. 31840870750 . . . . . . . . IFSC Code : SBIN0011406
IDBI Bank. . . . . . . . . . . . . A/c No. 1166104000009645 . IFSC Code : IBKL0001166
Axis Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 912010025408491. . . IFSC Code : UTIB0000097
HDFC Bank. . . . . . . . . . . . A/c No. 12731450000426 . . . . IFSC Code : HDFC0001273
Canara Bank . . . . . . . . . . A/c No. 0169101056462 . . . . . IFSC Code : CNRB0000169
Central Bank of India . A/c No. 3309973967 . . . . . . . . . IFSC Code : CBIN0283505
Punjab National Bank. A/c No. 8743000100004834 . IFSC Code : PUNB0874300
Bank of Baroda . . . . . . . A/c No. 30250100014174 . . . . IFSC Code : BARB0HIRANM

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. **09549399993 and / or 09649399993**

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to **"TARA SANSTHAN"** may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

**Shri Sachin Bhatia Eye Hospital - Udaipur (Under Tara Sansthan, Udaipur)**
236, Hiran Magari, Sector 6, Udaipur (Raj.)-313002, Mob. No. 7821855749

**Nirmala Devi Goyal Charitable Eye Hospital - Delhi (Under Tara Netralaya, Delhi)**
371, Main Najafgarh Road, Opposite Metro Pillar No. 724, Nawada, Uttam Nagar, New Delhi-110059
Mob. No. 9560626661

**Tara Netralaya - Mumbai**
2nd Floor, Sneh Crown, Near Apna Ghar Phase - 3, Kala Silk, Silvar Sarita, Meera Village, Kashimira, Thane-401107 (Maharashtra)
Mob. No. 7821855748, 9529285557

**Tara Netralaya - Faridabad**
3 E / 12 & 13, Bungalow Plot, Pulia No. 3, Masjid Road, Near Church, Main Road, N.I.T. 3, Faridabad (HR)
Mob. No. 7821855758

**Tara Netralaya - Loni**
Pt. Munshilal-Draupadi Devi Free Eye Hospital
Plot No: 78-79, Shiv Vihar Coloney, Near Mokshdham Mandir, Chirodi Road, Banthla Loni, Gaziabad-201102 (U. P.)
Mob. No. 7821855757

**Smt. Krishna Sharma Anand Vruddhashram - Udaipur**
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 7821055720

**Maa Draupadi Devi Anand Vruddhashram - Udaipur**
#351/352, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 9773385330

**Tara Sansthan Rajkiya Vruddhashram - Balicha**
100ft. Road, Om Banna Road, Opp. Hyundai Show Room, South Extension, Balicha, Udaipur 313001
Mob. No. 7229852229

**Ravindra Nath Gaur Anand Vruddhashram - Prayagraj**
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town, Prayagraj - 211002 (U.P.), Mob. No. 7821855755

**Mumukshu Bhawan - Varanasi**
Ganga Ghat Gate No. 1, Near Neelkanth Temple, Kashi Vishvanath Corridor, Varanasi (U.P.)
Mob. No. 7230073331

**Shikhar Bhargava Public School - Udaipur**
H.O. Bypass Road, Gokul Village, Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.), Mob. No. 9636016973

**Uma Rani Goyal Public School - Loni**
Plot No. 24A, Ram Vihar Colony, Loni, Ghaziabad (U.P.)
Mob. No. 9549399993

**Masti Ki Pathshala - Udaipur**
68, Satyadev Colony 2, Sector 9, Kachi Basti, Savina, Udaipur (Raj.), Mob. No. 9829652908

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, जुलाई - अगस्त 2025
प्रेषण तिथि : 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर
समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2021-2023
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग - सौजन्य राशि

### सहयोग राशि

आजीवन विशिष्ठ संरक्षक 51000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 3 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन सदस्य 11000 रु.

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 59500 रु., 9 ऑपरेशन - 31500 रु.,
6 ऑपरेशन - 21000 रु., 3 ऑपरेशन - 10500 रु.,
1 ऑपरेशन - 3500 रु.

### अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री

1 वर्ष - 18000 रु., 6 माह - 9000 रु., 1 माह - 1500 रु.

### विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) प्रति विधवा

1 वर्ष - 12000 रु., 6 माह - 6000 रु., 1 माह - 1000 रु.

### आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

1 वर्ष - 60000 रु., 6 माह - 30000 रु., 1 माह - 5000 रु.

### वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन

4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट )

### पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना

8000 रु.

### मस्ती की पाठशाला

वार्षिक शिक्षा 6000 रु. एवं भोजन 3000 रु. ( 60 बच्चे / 1 समय )

### उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल, लोनी ( गाजियाबाद )

12000 रु. प्रति विद्यार्थी वार्षिक शिक्षण सहयोग

**काशी विश्वनाथ** में 50 निर्धनों को भोजन दान 2100 रु.

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

**ICICI BANK (MADHUBAN)**
A/c No. 004501021965 IFSC Code : ICIC0000045

**STATE BANK OF INDIA**
A/c No. 31840870750 IFSC Code : SBIN0011406

**AXIS BANK**
A/c No. 912010025408491 IFSC Code : UTIB0000097

**HDFC**
A/c No. 12731450000426 IFSC Code : HDFC0001273

**PUNJAB NATIONAL BANK**
A/c No. 8743000100004834 IFSC Code : PUNB0874300

**BANK OF BARODA**
A/c No. 30250100014174 IFSC Code : BARB0HIRANM

**PAN CARD NO. TARA - AABTT8858J**

मोबाइल से स्केन कर हाथों हाथ सहयोग भेजें।

**Donation Through UPI**

**FOLLOW US**

www.instagram.com/tarasansthan
www.facebook.com/TaraSansthan
www.youtube.com/@TaraSansthanNGO
www.x.com/sansthantara
www.linkedin.com/company/tara-sansthan

काशी विश्वनाथ कोरीडोर में तारा संस्थान द्वारा संचालित मुमुक्षु भवन के बुजुर्गों के एक समय के भोजन हेतु दान सहयोग राशी 3100 रु.

Tara
**TARA SANSTHAN**
**तारा संस्थान**

+91 9549399993
+91 9649399993

बुक पोस्ट

डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org, Website : www.tarasansthan.org